मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-155
04/04/2020

मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों से की अपील, 5 अप्रैल को रात 9 बजे दीप जलाकर कोरोना संक्रमण के विरूद्ध एकजुटता प्रदर्शित करें

पटना, 04 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सम्पूर्ण बिहारवासियों से अपील करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 5 अप्रैल को रात 9 बजे सभी लोग अपने घरों की बत्तियॉ बंद कर दरवाजे या बालकोनी में 9 मिनट तक दीप, मोमबती, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव में अपने संघर्ष की एकजुटता प्रदर्शित करें। इससे हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत होगी और हमारा आत्मबल बढ़ेगा।

******